महत्वपूर्ण एवं खास

सर्विस रायफल का ट्रिगर दबने से चली गोली , जवान की हुई मौत

बीजापुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के उसूर से सीआरपीएफ 229 के जवान कुशवाह ट्रेवल्स की बस में सवार होकर बीजापुर आ रहे थे, इसी दौरान जवान त्रिलोक सिंह के सर्विस रायफल का ट्रिगर दबने से गोली चल गई । इस घटना में गोली जवान के सर में जा लगी, जिससे जवान गम्भीर रूप से घायल हो गया । जिसे उपचार के लिए आवापल्ली अस्पताल लाया गया जहाँ जवान त्रिलोक सिंह की मौत हो गई । उसूर के बीएमओ ने एक्सीडेंटल फायरिंग में जवान की मौत होने की पुष्टि किया है ।

कार की ठोकर से पति, पत्नी व पुत्र घायल

महासमुंद (आरएनएस)। कोमाखान क्षेत्र के ग्राम सिवनीकला व केरामुड़ा गांव के मध्य ब्राम्हण डबरी के पास कार की ठोकर से पति, पत्नी व पुत्र घायल हो गए। वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार चमन भारती अपने पुत्र अभिषेक भारती व पत्नी हेमानी को कर्मा पब्लिक स्कूल कोमाखान छोडने के लिए बाइक क्रमांक सीजी 06 डी 6331 से जा रहा था। ब्राम्हण डबरी के पास कार ने ठोकर मार दी। इससे तीनों को घायल हो गए।

गांव की गलियों में हाथियों का भ्रमण, घरों में दुबके लोग

महासमुंद (आरएनएस)। सप्ताहभर पहले महासमुंद जिले के बाद गरियाबंद जिले में विचरण कर रहा दंतैल रोहांसी दल के तीन हाथियों के साथ गुरुवार को फिर से जिले में पहुंच गया है। गुरुवार को चारों हाथियों को महासमुंद वन परिक्षेत्र के अरंड गांव के भीतर विचरण करते हुए देखा गया। दोपहर एक बजे हाथी के यहां से निकलकर चम्पई माता मंदिर के आसपास होने की खबर वन विभाग से मिल रही है। जानकारी के मुताबिक सुबह फिंगेश्वर के बोरसी जंगल से चारों हाथी महासमुंद के अरंड गांव पहुंचे। सुबह हाथियों की आमद की खबर मिलते ही सभी ग्रामीण घरों में कैद हो गए और पूरे गांव में सन्नाटा पसर गया। हाथी गांव में मदमस्त होकर घूमते नजर आए। ग्रामीणों की सूचना पर वन अमला गजराज वाहन के साथ गांव पहुंचा। वन परिक्षेत्र अधिकारी डड़सेना ने बताया कि पूरे क्षेत्र में अलर्ट जारी कर हाथियों की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है।

जानकारी के मुताबिक जिले में प्रवेश करने वाले 4 हाथियों ने फिलहाल किसी तरह की कोई क्षति नहीं पहुंचाई है। इधर, बंदोरा में विचरण कर रहे एक दंतैल ने बंदोरा में स्कूल की बाऊंड्रीवाल को तोड़कर जरुर नुकसान पहुंचाया है। माना जा रहा है कि उक्त हाथी द्वारा भी इन चार हाथियों के साथ मिलकर एक दल बनने की संभावना जताई जा रही है। राधेलाल सिन्हा ने बताया कि अलग-अलग घूम रहे दोनों दंतैल खेतों में लगी फसल को रौंदकर रोज क्षति पहुंचा रहे हैं।

कुआं में डूबने से 6 वर्षीय बालिका की मौत

अंबिकापुर (आरएनएस)। जिले के लखनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पुहपुटरा में गुरुवार की दोपहर कुआं में डूबने से 6 वर्षीय बालिका की मौत हो गई।मिली जानकारी के मुताबिक यशोदा पिता बिरेंद्र राजवाड़े उम्र 6 वर्ष ग्राम पुहपुटरा निवासी जो करीब दोपहर 2:00 बजे घर के कुएं के समीप खेल रही थी खेल के दौरान यसोदा कुआं में गिर गई। जब तक घर वालों को बालिका के कुएं में डूबने की जानकारी मिलती तब तक पानी में डूबने से बालिका की मौत हो थी घटना की सूचना परिवारजनों के द्वारा लखनपुर पुलिस को 3:30 बजे दी गई सूचना पाकर लखनपुर पुलिस मौके पर पहुंची तथा झगगर के माध्यम से बालिका के शव को बाहर निकाला गया। शव का पंचनामा कार्रवाई कर 24 सितंबर दिन शुक्रवार को शव का पीएम करा परिजनों को सुपुर्द किया गया। लखनपुर पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच में जुटी है।

लालगढ़ की बदली तस्वीरः नक्सलियों के खिलाफ रिपोर्ट लिखाने पूरा गांव पहुंचा थाने, मजदूरों के साथ मारपीट करने से ग्रामीणों में नाराजगी

» बस्तर का पहला मामला, विरोध दर्ज कराने पूरा गांव हुआ शामिल

नारायणपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के छोटेडोंगर थाना क्षेत्र के मढ़ोनार गांव में नक्सलियों के खिलाफबगावत शुरू हो गई है। बस्तर का यह पहला मामला है जब नक्सलियों के खिलाफथाने में रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए पूरा गांव उठ कर थाने पहुंचा। ग्रामीणों में आक्रोश की वजह यह है कि गुरुवार को नक्सलियों द्वारा पीएमजीएसवाई के पुलिया निर्माण में लगे मजदूरों के साथ मारपीट कर निर्माण कार्य करा रहे दल्लीराजहरा निवासी संदीप जाला की हत्या कर निर्माण कार्य में लगे एक जेसीबी, दो ट्रैक्टर व एक सीडी डान मोटरसाइकिल को आग के हवाले कर दिया था। इस घटना को लेकर ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। शुक्रवार को मढ़ोनार व आसपास क्षेत्र के करीब 200 की संख्या में ग्रामीण पैदल आठ किमी चलकर छोटेडोंगर नक्सलियों के खिलाफबेवजह महिला मजदूरों के साथ मारपीट, गांव के सड़क व पुलिया निर्माण को रोकने के विरोध में रिपोर्ट दर्ज कराई। ग्रामीणों का कहना है कि हम गरीब मजदूरी कर अपना

और अपने परिवार का जीवनयापन करते हैं परंतु नक्सली बेवजह हमारे साथ मारपीट कर हमें धमकी देते हैं। नक्सली सड़क निर्माण व पुलिया निर्माण कार्य में अड़चन डाल कर गांव की विकास को रोक रहे हैं। सरकार सड़क हम गांव वालों के चलने के लिए बना रही है फिर नक्सली क्यो गांव के विकास कार्यों में बांधा डाल रहे हैं। पुरूष के साथ ही गांव की महिलाएं भी अपने दुधमुंहे बच्चों को लेकर थाने पहुंची और नक्सलियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की। नक्सलियों के द्वारा महिला मजदूरों से बेवजह मारपीट करने के बाद गांव में काफी आक्रोश है। जिन महिलाओं के साथ नक्सलियों ने मारपीट किया उनका कहना है कि नक्सलियों ने अचानक मढोनार के पुलिया निर्माण के पास पहुंचकर मारपीट शुरू कर दी जब हमारे द्वारा मारपीट की वजह पूछी गई तो नक्सलियों ने कहा कि काम ना करने के लिए कहा गया था फिर क्यो काम किया जा रहा है। पुरे मामले में पुलिस का कहना है कि नक्सलियों द्वारा गांव के गरीब मजदूरों से मारपीट करना ग़लत है गांव के लोग नक्सलियों के आतंक से त्रस्त हो चुके हैं।

नक्सलियों को गांव आने से मना कर चुके हैं ग्रामीण- पिछले कई सालों से मढ़ोनार में नक्सलियों की मौजूदगी नहीं हो रही थी इसका कारण यह है कि गांव वाले नक्सलियों को अपने गांव में आने के लिए मना कर चुके हैं। गांव में नक्सली नहीं आते हैं। जब से सड़क निर्माण कार्य चल रहा है तभी से आ रहे हैं। गांव वाले नक्सलियों का दाना-पानी भी बंद कर चुके हैं किसी तरह का कोई मदद नहीं करते है।

मढ़ोनार में गुरुवार को नक्सलियों द्वारा करीब साढ़े तीन बजे दस्तक देकर पुलिया निर्माण कार्य में लगे वाहनों पर आगजनी कर मुंशी की हत्या की गई।साथ ही पुलिया निर्माण कार्य में कार्य कर रहे महिला मजदूरों के साथ मारपीट की गई, जिसे लेकर ग्रामीण काफी आक्रोशित हैं। ग्रामीणों ने नक्सलियों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्यवाही की मांग की है।

आपदा पीड़ितों को 42 लाख 13 हजार 507 रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा विभिन्न प्राकृतिक आपदा पीड़ितों को जिला कलेक्टर के माध्यम से आर्थिक अनुदान सहायता स्वीकृत की जाती है । राजनांदगांव जिले में राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत अंबागढ़ चौकी, खैरागढ़, डोंगरगढ़ तथा मोहला तहसील के आपदा प्रभावितों के लिए सहायता अनुदान राशि 42 लाख 13 हजार 507 रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है।

राजस्व पुस्तक परिपत्र के प्रावधानों के तहत राजनांदगांव जिले के अंबागढ़ चौकी तहसील में एक व्यक्ति के तालाब में डुबने मृत्यु होने पर 4 लाख रूपए, आंधी तुफान एवं अतिवर्षा से 7 मकान आंशिक क्षति होने पर 19 हजार 200 रूपए, आंधी तुफान से पशु धन क्षति होने पर 1500 रूपए, आग से धान फसल क्षति होने पर 22 हजार 207 रूपए, सर्पदंश से 2 व्यक्तियों की मृत्यु होने पर 4-4 लाख रूपए सहायता राशि स्वीकृत की गई है। इसी तरह खैरागढ़ तहसील में आग से 2 व्यक्तियों की मृत्यु होने पर 4-4 लाख रूपए, डोंगरगढ़ तहसील को आंधीतूफान अतिवृष्टि से 4 मकान आंशिक क्षति होने पर 12 हजार 800 रूपए, आग से 1 मकान की आंशिक क्षति होने पर 3 हजार 200 रूपए, आकाशीय बिजली गिरने से 2 बैल की मृत्यु होने पर 50 हजार रूपए, आग से 1 गाय की मृत्यु होने पर 30 हजार रूपए, आग से 3 दुकान की क्षति होने पर 60 हजार रूपए सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

स्काई अस्पताल के डॉक्टर का अपहरण मामले में यूपी से 5 आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर (आरएनएस)। बिलासपुर के सरकंडा स्थित स्काई अस्पताल के डायरेक्टर के अपहरण के मामले में पुलिस ने उत्तरप्रदेश के मुरादाबाद में दबिश देकर पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इसमें अस्पताल में ही पूर्व में कार्यरत दो डॉक्टर और एक टेक्नीशियन शामिल हैं। सभी को उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद से पकड़ा गया है। बताया जा रहा है कि लेनदेन के विवाद में वारदात को अंजाम दिया गया था। आरोपियों को बिलासपुर लाने की तैयारी की जा रही है।

साइबर क्राइम एसपी निमेश बरैया ने बताया कि डॉक्टर शैलेन्द्र

मसीह, मोहम्मद आरिफ, टेक्नीशियन फि रोज खान और ड्राइवर रिजवान के साथ एक अन्य साथी आरिफ को गिरफ्तार किया गया है। सबसे पहले रिजवान पुलिस के हत्थे चढ़ा। उससे हुई पूछताछ के बाद पुलिस बाकी आरोपियों के ठिकानों तक पहुंच गई। डॉ. अग्रवाल की दिल्ली एयरपोर्ट से बरामदगी के बाद जुड़े आरोपियों की तलाश में लगी थी। डॉ. अग्रवाल से लेनदेन के चेक व कुछ दस्तावेज भी आरोपियों से बरामद हुए हैं। मुरादाबाद में पुलिस की टीम पहले से संदेह के आधार पर डेरा जमाए हुए थी। इस बीच पुलिस को पता लगा है कि जिस दिन डॉक्टर घर से गायब हुए थे। उसी दिन यूपी से लिए गए दो मोबाइल नंबर जो कि छत्तीसगढ़ में एक्टिवेट हुए थे। इसी नम्बर की डिटेल खंगाल कर साइबर टीम के सदस्यों को दी गई। इसके अलावा हॉस्पिटल से मिला सीसीटीवी फुटेज था। हॉस्पिटल की स्टाफ नर्स ने भी आरोपियों को पहचान लिया था।

पुलिस के अनुसार मैनेजर स्काई हॉस्पिटल सरकंडा द्वारा थाना सरकंडा में रिपोर्ट दर्ज कराया गया था कि स्काई हॉस्पिटल के डायरेक्टर प्रदीप अग्रवाल(42) का 19 सितंबर की शाम करीब 4-5 बजे अपने कार क्रमांक सीजी 10 एजे 1606 में बिना बताए कहीं चले गए हैं। रात करीब 7:00 बजे एक अंजान शख्स ने प्रदीप अग्रवाल की कार में आकर उनके चेक बुक को अस्पताल के स्टाफ से मांग कर ले गया था और प्रदीप अग्रवाल उसके बाद से वापस नहीं आए है और उनका मोबाइल बंद हो गया। जिसके बाद थाना सरकंडा में गुमशुदा रिपोर्ट दर्ज कर डॉ. की तलाश शुरू की गई।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे महाप्रबंधक ने किया हावड़ा - पुणे आजाद हिन्द सुपर फास्ट स्पेशल ट्रेन में निरीक्षण

रायपुर (आरएनएस)। अलोक कुमार, महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने आज दिनांक 24 सितंबर, 2021 को भाटापारा से रायपुर के मध्य गाड़ी संख्या 02280 हावड़ा - पुणे आजाद हिन्द सुपर फ़ास्ट स्पेशल ट्रेन में निरीक्षण कर यात्रियों से सीधा संवाद किया । निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने सामान्य , स्लीपर एवं वातानुकूलित कोचों मे यात्रियों से संवाद कर यात्री सुविधाओं के संबंध में चर्चा की ।

संवाद के दौरान अलोक कुमार, महाप्रबंधक ने गाड़ी संख्या 02280 हावड़ा - पुणे आजाद हिन्द सुपर फ़ास्ट स्पेशल ट्रेन के स्लीपर कोचों एवं एसी कोचों में साफ-सफाई एवं स्वच्छता का निरीक्षण किया तथा यात्रियों से संवाद कर साफ-सफाई एवं स्वच्छता तथा यात्री सुविधाओं के संबंध में चर्चा की । महाप्रबंधक से वार्ता के दौरान ज्यादातर रेल यात्रियों ने ट्रेनों की साफ-सफाई एवं स्वच्छता के प्रति संतोष व्यक्त किया ।

इस दौरान अलोक कुमार, महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे महोदय द्वारा रेल यात्रियों से संवाद करते हुए कहा कि यात्रा के दौरान आप सभी साफ-सफाई एवं स्वच्छता का भरपूर ध्यान रखें एवं उपलब्ध कुड़ेदान का समुचित उपयोग करें । महाप्रबंधक महोदय द्वारा रेल यात्रियों से वार्तालाप में स्वच्छता के संदर्भ में कहा कि आप सभी के सहयोग से स्टेशनों व ट्रेनों में साफ-सफाई एवं स्वच्छता संभव है । साफ-सफाई व स्वच्छता एक सतत प्रक्रिया है , इसके लिए हम सभी को स्वच्छता के प्रति जागरूक होना होगा, निरंतर प्रयास करना होगा ।

महाप्रबंधक अलोक कुमार महोदय द्वारा संवाद के दौरान यात्रियों से आग्रह किया कि कोरोना के प्रोटोकॉल का अनुपालन करते हुए मास्क लगा कर ही यात्रा करें ।

शराब के नशे में धुत्त मिला प्रधान पाठक, बच्चों ने कहा आय दिन होती है मुर्गा पार्टी

रायपुर (आरएनएस)। कोरबा जिले के विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा से एक मामला सामने आया है। जहाँ सरकारी स्कूल का प्रधान पाठक शराब के नशे में इस कदर चूर है कि उसने शराब के नशे में लघुशंका तक कर डाली है और न ही वह ठीक तरह से उठ पा रहा है।उन अभिवभावको को सकते में ला दिया है जो अपने बच्चो को ऐसे शिक्षको के हवाले कर उनके उज्ज्वल भविष्य को सवारने के सपने देख रहे हैं।अपने आप मे शर्मसार कर देने वाला यह वाक्या सरकारी स्कूलों की लचर व्यवस्थाओं पर बड़ा सवाल है।

ब्लाक पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के ग्राम पंचायत कारिमाटी में स्थित प्राथमिक शाला कारिमाटी मे जब जनपद सदस्य प्रताप सिंह मरावी बतौर निरीक्षण हेतु पहुँचे तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई,यहाँ पदस्थ प्रधान पाठक रामनारायण शराब के नशे में धुत होकर जमीन पर मदहोश पड़ा हुआ था।स्कूल में प्रधान पाठक की दशा देख जनपद सदस्य ने बच्चो से चर्चा की तथा प्रधान पाठक से चर्चा करनी चाही पर वे कुछ बोल पाने की स्थिति में नही थे उन पर शराब का ऐसा नशा था कि उन्होंने पेंट में लघुशंका तक कर डाली थी।

आईपीएल मैच में घुम -घुमकर ऑनलाईन सट्टा खिलाते आरोपी गिरफ्तार, लाखों का सट्टा , नगदी 9 हजार एवं कार व मोबाइल जब्त

रायपुर (आरएनएस)। रायपुर पुलिस ने एक व्यक्ति को चार पहिया वाहन में घुम-घुमकर आईपीएल क्रिकेट मैच में सट्टा खिलाने की सुचना पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लाखों का सट्टा ,नगदी रुपये,आईफोन ,स्वीफ्ट कार जब्त की है।

मिली जानकारी के मुताबिक तेलीबांधा और साइबर सेल टीम ने मुखबीर की सुचना पर गुरुवार की देररात गुगल एप के माध्यम से घुम-घुमकर सट्टा खिलाने की सुचना पर पुलिस टीम ने तेलीबांधा चौक सिग्नल के पास घेराबंदी कर पकड़ा । पुछताछ करने पर अपना नाम राहुल चौधरी पिता देवेन्द्र चौधरी उम्र 30 साल निवासी

मैत्री नगर महादेव घाट रोड थाना डीडी नगर रायपुर बताया। पुछताछ के वह आईपीएल 20-20 मैच में ग्राहको को सट्टा मोबाईल के माध्यम से रकम लगवाना व रकम प्राप्त करना स्वीकार किया। राहुल चौधरी के कब्जे से एक सफेद रंग का आईफोन 11 जिसके गुगल क्रोम में एप से आईडी बनाकर रखा है जिसमें आईपीएल क्रिकेट मैच में लगाये लाखो रूपये का सट्टा का हिसाब है। तथा एक स्वीफ्ट कार क्रमांक सीजी 04/एनसी/2838 कीमती करीबन 3,00,000/- रूपये व नगदी रकम 9,000 रुपये जब्त की है। वहीं पूछताछ में आरोपी ने कई अहम खुलासे किए हैं। जानकारी के अनुसार गुरुवार को खेले गए मुंबई और केकेआर मैच में लाखों रुपए का सट्टा लगा हुआ था। आरोपी शहर में गाड़ी में घुम-घुमकर सट्टा खिलाता था। वहीं खाईवाल का सट्टा कनेक्शन मप्र, महाराष्ट्र, आंध्रा समेत दूसरे राज्यों से जुड़ा है। पुलिस को बुकियों की भी अहम जानकारी मिली है। वहीं आरोपी के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई कर रही है।

फ्लिपकार्ट, अमेजन पर भी बिक रहा कोरबा का ब्लैक राईस

» सवा दो सौ एकड़ से अधिक रकबे में इस बार हो रही खेती

कोरबा (आरएनएस)। कोरबा जिले के करतला और कोरबा विकासखण्ड के करीब 30 गांव के किसान परंपरागत धान को छोड़कर काले धान (ब्लैक राईस) की खेती कर रहे हैं। औषधीय गुणों के कारण किसानों की यह उपज हाथों-हाथ बिक रही है। पश्चिम बंगाल से लेकर तमिलनाडु और केरल तक की बड़ी ट्रेडिंग कंपनियां इस राईस के लिए किसानों से संपर्क कर रही हैं। लोकल मार्केट में भले ही इस चांवल की कीमत 150 से 200 रूपए किलो हो परंतु कई ट्रेडिंग कंपनियों के माध्यम से अमेजन और फ्लिपकार्ट जैसे अंतर्राष्ट्रीय ऑनलाइन मार्केट प्लेटफॉर्म पर यह साढ़े चार सौ से साढ़े पांच सौ रूपए किलो बिक रहा है। दो साल पहले सिर्फ करतला विकासखण्ड में नौ गांवो में किसानों ने 22 एकड़ में ब्लैक राईस की खेती शुरू की थी। ब्लैक राईस से फायदे को देखते हुए जिले के दो विकासखण्डों कोरबा और करतला के लगभग 30 गांवो में अब सवा दो सौ एकड़ रकबे में ब्लैक राईस की फसल लगी है। इस बार रबी मौसम में किसानों की 100 एकड़ में रेड राईस लगाने की भी योजना है। इस साल चालू खरीफमौसम में करतला में 170 एकड़ में और कोरबा में 55 एकड़ रकबे में काले धान की खेती की जा रही है। पिछले वर्ष खरीफ और रबी मौसम को मिलाकर कुल 166 एकड़ में ब्लैक राईस और सात एकड़ में रेड राईस की खेती की गई थी जिससे लगभग डेढ़ हजार क्विंटल ब्लैक राईस और 70 क्विंटल रेड राईस का उत्पादन हुआ था।

छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रदेश के किसानों को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने और खेती को लाभ का व्यवसाय बनाने के लिए कई सरकारी योजनाएं शुरू की हैं। धान की परंपरागत खेती के स्थान पर अन्य लाभकारी फसलों की खेती भी उनमें से एक है। कोरबा के करतला विकासखण्ड में परंपरागत धान की खेती की जगह ज्यादा दामों पर बिकने वाले ब्लैक राईस की खेती दो साल से की जा रही है। शुरूआत में किसानों ने लगभग 22 एकड़ रकबे में ब्लैक राईस लगाया था और उससे लगभग ढाई सौ क्विंटल उत्पादन मिला था। किसानों का यह उत्पाद हाथों-हाथ बिक गया था। राज्य सरकार के साथ-साथ इस फायदेमंद खेती के लिए किसानों को प्रोत्साहन और मदद नाबार्ड से भी मिली है, साथ ही समाज सेवी संस्था बुखरी गांव विकास शिक्षण समिति भी किसानों को इसके लिए जरूरी प्रशिक्षण और मार्केटिंग के लिए मदद कर रही है। ब्लैक और रेड राईस के खेती के प्रति क्षेत्र के किसान काफी उत्साहित हैं। इस बार सवा 200 एकड़ में लगी फसल से लगभग दो हजार क्विंटल ब्लैक राईस का उत्पादन होने की संभावना है। किसानों की इस उपज की प्रोसेसिंग के लिए शासन द्वारा आर्थिक सहायता उपलब्ध कराकर नवापारा में मिनी प्रोसेसिंग यूनिट भी लगाई गई है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनतमपूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं० 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, मानवीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुश सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुरे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक उन्नयन अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मूलत रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित नियमित कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के मूल मिशन पर शासन विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU